सुविचार



जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता नहीं हासिल कर लेते, कानून आपको जो भी स्वतंत्रता देता है, वो आपके किसी काम की नहीं।
- डॉ. भीमराव आंबेडकर

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, बुधवार, 15 अप्रैल 2026

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- टप्पेबाज गिरोह का भंडाफोड़ महिला सरगना समेत... II
- संविधान शिल्पी की आरती उतारी और चढ़ाए फूल III
- विजेता ट्रॉफी पर मथुरा ब्रज स्टार ने जमाया कब्जा IV


## शहर में आज

- फैजुल्लागंज के गाजीपुर में शिव बारात- 9:00 बजे से।
- सहारागंज स्थित पीवीआर में दो दिवसीय लखनऊ अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पहले दिन चयनित फिल्मों की ज्यूरी सदस्यों द्वारा स्क्रीनिंग- 9:00 बजे से।
- विधानभवन तक भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत स्कूटी रैली का आयोजन- 9:45 बजे से।
- विशाल खंड गोमती नगर कार्यालय में विश्व हिन्दू रक्षा परिषद की लव जिहाद पीड़ितों के वार्ता- 10:00 बजे से।
- हजरतगंज स्थित प्रेस क्लब में हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा की बैठक- 12:30 बजे से से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# केजीएमयू नेत्र विभाग में बड़े स्तर पर कमीशनखोरी!

## चार सदस्यीय कमेटी को जांच मिले बड़े स्तर पर गड़बड़ी के संकेत, डॉक्टरों और कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मरीज, परिजन व चार कर्मचारियों के बयान किए जा चुके हैं दर्ज
- मरीज को दवाओं की लंबी सूची देने वाले की हुई पहचान

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** केजीएमयू में आयुष्मान मरीज को बाहर की दवाएं और लेंस लिखने की जांच लिए बनी कमेटी ने जांच तेज कर दी है। कमेटी को शुरुआती जांच में मरीजों को दवा और लेंस के नाम पर नेत्र विभाग में बड़े स्तर पर कमीशनखोरी के संकेत मिले हैं। इससे कमीशनखोरी के नेटवर्क में डॉक्टरों और कर्मचारियों की संलिप्तता की आशंका मजबूत हो गई है।

कमेटी ने करीब 50 प्रतिशत जांच पूरी कर ली है। शेष कार्रवाई अगले सप्ताह तक पूरी कर ली जाएगी। प्रारंभिक जांच में दवा और लेंस के नाम पर कमीशनखोरी के आरोप काफी हद तक सही पाए गए हैं।

काकोरी के जेहटा निवासी गीता कश्यप को आंखों में परेशानी थी। उन्हें बलरामपुर अस्पताल से किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) रेफर किया गया। परिजनों का आरोप है कि केजीएमयू में मरीज की गलत आंख का अल्ट्रासाउंड कर दिया गया। बार-बार बताने के बावजूद उस आंख की जांच नहीं की गई, जिसमें परेशानी थी। परिजन ने मरीज को बाहर से लेंस खरीदने और करीब 18 प्रकार की दवाएं बाजार से लेने की पर्ची देने का भी आरोप लगाया था। परिजन की शिकायत पर केजीएमयू प्रशासन ने चार सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। इस कमेटी ने पीड़ित और उनके परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। नेत्र रोग विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। अब तक चार कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। मरीज को दवाओं की लंबी सूची देने वाले व्यक्ति की पहचान भी कर ली गई है। पर्ची लिखने वाले की तलाश जारी है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से की जा रही है। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### आर्थोपैडिक्स विभाग के सामने निजी मेडिकल स्टोर से धरे गए एजेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की मुहिम पर कुछ डॉक्टरों और निजी मेडिकल स्टोर एजेंटों की साठगांठ पानी फेर रही है। केजीएमयू प्रशासन की पहल पर सोमवार को पुलिस ने आर्थोपैडिक्स विभाग के सामने निजी मेडिकल स्टोर के एजेंटों के खिलाफ अभियान चलाया। इसमें कई संदिग्ध एजेंट पकड़े गए। इससे पहले लारी कार्डियोलॉजी विभाग के बाहर भी दलालों पड़े जा चुके हैं। एक डॉक्टर के खिलाफ बाजार की दवाएं लिखने सहित अन्य मामलों में चार्जशीट भी जारी की जा चुकी है। बावजूद इसके, कमीशनखोरी का खेल थमता नजर नहीं आ रहा है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि डॉक्टरों को प्रत्येक पर्चे पर लिखी गई दवाओं की खरीद पर 25 से 30 प्रतिशत तक कमीशन दिया जा रहा है। इसी लालच में चुनिंदा कंपनियों की दवाएं लिखी जाती हैं, जो केवल कुछ खास मेडिकल स्टोरों पर ही उपलब्ध होती हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर में संचालित हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) स्टोर पर मरीजों को 60 से 70 प्रतिशत तक सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने मरीजों से अपील की है कि वे अधिकृत एचआरएफ स्टोर से ही दवाएं खरीदें, ताकि अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचा जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दलाली के इस रैकेट को खत्म करने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मेले में रही झोड़ा नृत्य की धूम

**अमृत विचार, लखनऊ:** रामलीला समिति पर्वतीय महापरिषद शाखा गोमती नगर की ओर से मंगलवार को ऐतिहासिक स्याल्दे बिखौती मेले का आयोजन पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर में किया गया। इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी मुख्य अतिथि के रूप में और महासचिव महेंद्र सिंह रावत विशिष्ट अतिथि रहे। शुरुआत वन्दना गीत के साथ हुई। 250 से अधिक महिलाओं व पुरुषों ने सामूहिक झोड़ा नृत्य का जबर्दस्त प्रदर्शन किया, जिसमें अनेक पुराने एवं नए झोड़ा गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। पर्वतीय महापरिषद के केएन उपाध्याय, ज्ञान पंत, केएन पाण्डेय, महेन्द्र पंत, केसी पंत, केएस रावत, केएन पाठक मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### दो माह बदला रहेगा लखनऊ-बहराइच बसों का रूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ-बहराइच वाया घाघरा घाट मार्ग पर 16 अप्रैल से दो माह तक मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते इस मार्ग पर बसों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। परिवहन विभाग के अनुसार इस दौरान बसें लखनऊ-महमूदाबाद-चहलारी घाट होकर बहराइच पहुंचेंगी। लखनऊ-बाराबंकी-गणेशपुर-जरवल रोड-बहराइच मार्ग की दूरी 134 किलोमीटर है, जिसका किराया 193 रुपये निर्धारित है। वैकल्पिक मार्ग लखनऊ-महमूदाबाद-चहलारी घाट-बहराइच की दूरी भी 134 किलोमीटर है, लेकिन इस मार्ग पर किराया 185 रुपये (टोल सहित) रखा गया है।

### अभियान से करेंगे बच्चों का समग्र विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में 23 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 8वां पोषण पखवाड़ा की तैयारी शुरू हो गई। ''जीवन के प्रारम्भिक छह वर्षों में बच्चों के मस्तिष्क के समग्र एवं अधिकतम विकास को सुनिश्चित कराना'' विषय पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर छह वर्ष तक के बच्चों का समग्र विकास होगा। इस बार महिला एवं बाल विकास के साथ पंचायती राज विभाग संयुक्त रूप से काम करेगा।

### अवैध वेंडरों पर चला विशेष अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में 12597 अंत्योदय एक्सप्रेस, 15023 यशवंतपुर एक्सप्रेस, 14674 शहीद एक्सप्रेस, 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस तथा 12587 अमरनाथ एक्सप्रेस में अवैध वेंडरों की जांच की गई। जिसमें 3782 अधोमानक पेयजल बोतलें पकड़ी गईं। बोतलों को जब्त कर नियमानुसार एलपीओ में जमा कराया गया। ये कार्रवाई यात्रियों को ओवररेटिंग और अनाधिकृत वेंडरों से बचाने के उद्देश्य से की गई। मंडल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।



पार्क रोड पर तेज गमछे से खुद को तेज धूप से बचाने का प्रयास करते राहगीर। अमृत विचार

# बैसाख में ही जेठ सी तपने लगी दोपहरी

## 38.1 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान, न्यूनतम भी 19.8 दर्ज किया गया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- दो दिनों में पारा 40 डिग्री पार करने की संभावना

**अमृत विचार :** पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मौसम में फिर बदलाव आ गया है। अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, अगले दो दिनों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार पहुंचने की संभावना है। मंगलवार को दोपहर में जेठ महीने की तरह तपन रही। तेज धूप के कारण हवा गर्म हो गई और लू जैसा एहसास हुआ। लोगों में पानी से गला तर कर और पेड़ों की छांव में गर्मी से राहत पाने की कोशिश की।

पिछले दो दिनों की अपेक्षा मंगलवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान में लगभग दो डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में भी 1.2 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। अवकाश का दिन होने के कारण हालांकि सड़कों पर अन्य दिनों की अपेक्षा भीड़ कम रही, लेकिन बाहर निकले ज्यादातर लोग धूप से बचने का प्रयास करते दिखे। कोई छाता लेकर निकला तो किसी ने पेड़ की छांव का सहारा लिया। मौसम विभाग के अनुसार शुष्क मौसम और गर्म पछुआ हवा के प्रभाव से अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। कर्नाटक एवं महाराष्ट्र पर बने प्रतिचक्रवात के मध्य भारत की ओर खिसकने से तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक बढ़ोतरी से लखनऊ और आस-पास अधिकतम तापमान 1-2 दिन में 40 डिग्री से पार करने की संभावना है।



चेहरे को तेज धूप से बचाने का प्रयास करती युवती। अमृत विचार

# सफाई पर सदन में संग्राम के आसार

## नगर निगम सदन की बैठक आज, कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- शहर में होल्डिंग एरिया बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा जाएगा
- मार्गों पर खड़े वाहनों को होल्डिंग एरिया में पहुंचाया जाएगा

**अमृत विचार :** नगर निगम सदन की सामान्य बैठक बुधवार को सुबह 9 बजे से महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में होगी। बैठक में सफाई और कूड़ा उठान आदि मुद्दों को लेकर हंगामे के आसार हैं। इसके अलावा बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

शहर में मुख्य मार्गों के किनारे खड़े होने वाले वाहनों के कारण लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए होल्डिंग एरिया बनाये जाने का प्रस्ताव है। विभिन्न मार्गों पर खड़े वाहनों को इन होल्डिंग एरिया में पहुंचाया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव परिवहन विभाग की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह और परिवहन विभाग के अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया था। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात ने होल्डिंग एरिया का चिन्हीकरण किया गया है। चिन्हित की गई जगह का एसडीएम, परिवहन विभाग और नगर निगम के अधिकारी सत्यापन करेंगे।

सरोजनी नगर तहसील के हरिहरपुर ग्राम में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, आवास और गैराज बनेगा। नगर निगम का सम्पत्ति विभाग इसके लिए जमीन उपलब्ध कराएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम सरोजनीनगर ने पत्र लिखकर ग्राम हरिहरपुर की गाटा संख्या 433 ख रकबा 1.4710 हेक्टेयर ऊसर खाते में दर्ज भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। इस प्रस्ताव पर सदन में अनुमोदन प्रदान किया जाएगा।

### यहां चिन्हित किए गए हैं होल्डिंग एरिया

- उत्तरधौना खसरा संख्या 55, धैला खसरा संख्या 1128 स एवं 1129, कल्ली पश्चिम खसरा संख्या 1280ख, 1281 एवं 1282 ख, अलीनगर खुर्द खसरा संख्या 182 मि., शहीद पथ तिराहा कानपुर रोड से ट्रांसपोर्ट नगर की तरफ जगुआर कट के बगल में खाली मैदान, वृंदावन कालोनी डिफेंस एक्सपो मैदान के पास ट्रामा सेंटर से पीजीआई एवं सपना एन्क्लेव टी प्वाइंट के बीच बांयी तरफ खाली मैदान, राधास्वामी सत्संग के ठीक सामने खाली मैदान मोहनलालगंज, एकेटीयू गेट नंबर 2 के सामने खाली मैदान।

### रात में बनी लगी सड़क का सुबह उखड़ने लगा डामर



जोन-6 में बनाए गए सड़क का उखड़ा डामर।

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन 6 कार्यालय के बाहर में 90 लाख रुपये से बनी सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। रात में बनाई गई इस सड़ का दूसरे दिन ही डामर उखड़ने लगा। पार्षद ने नगर आयुक्त से निर्माण कार्य की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निगम जोन-6 कार्यालय के बाहर नैपियर रोड कालोनी पार्ट 1, निवाजगंज में 15वें वित्त से 90 लाख रुपये धनराशि से सड़क और फुटपाथ निर्माण कराया गया। सड़क रात में बनवाई गई। ये सड़क दूसरे दिन ही उखड़ने लगी। करीब 300 मीटर के फुटपाथ का पत्थर भी तीन दिन में उखड़ने लगा। क्षेत्रीय पार्षद मनीष रस्तोगी ने जेई रमन सिंह से शिकायत कर ठेकेदार डॉली शुक्ला पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। पार्षद का आरोप है कि एक महीने पहले भी फुटपाथ निर्माण में ठेकेदार ने घटिया सामग्री लगाई थी। शिकायत पर अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव को पत्र दिया था, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। पार्षद ने बताया कि ठेकेदार ने सड़क के लिए खुदाई करके छोड़ दी, इससे जनता परेशान है। उन्होंने नगर आयुक्त गौरव कुमार से निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। अवर अभियंता रमन कुमार सिंह का कहना है कि सड़क का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। अभी डामर की एक और लेयर पड़नी है।

### सरसवां में 10 करोड़ की जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने मंगलवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम सरसवां में अभियान चलाकर 10 करोड़ मूल्य की सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम सरसवां की गाटा संख्या 839 (0.204 हेक्टेयर), 842 (0.239 हेक्टेयर), 843 मि (0.204 हेक्टेयर) तथा 1018 मि (0.161 हेक्टेयर) भूमि राजस्व अभिलेखों में क्रमशः नवीन परती, बंजर एवं नदी के रूप में दर्ज है। इन सरकारी जमीनों पर कुछ लोग अवैध रूप से बाउंड्रीवाल खड़ी कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम लखनऊ अरविंद पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनों के माध्यम से बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर कुल 0.857 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश ने किया। इस मौके पर नगर निगम के लेखपाल राजू सोनी, थानाध्यक्ष सुशांत गोल्फ सिटी ने पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया।

# बजट न होने से ठप हो गईं एनएचएम की कई योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संचालित योजनाओं में करीब आठ माह से बजट जारी न होने के कारण मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बजट के अभाव में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

टीबी मरीजों को मिलने वाला पोषण भत्ता लंबे समय से लंबित है, जिससे कमजोर वर्ग के मरीजों की स्थिति और कठिन हो गई है। उन्हें हर माह एक हजार रुपये पोषण भत्ते के रूप में देना का प्राविधान है। गर्भवती महिलाओं के लिए मुफ्त अल्ट्रासाउंड सुविधा के लिए जारी किए जाने वाले ई-वाउचर भी ठप पड़े हैं, जिससे उन्हें निजी खर्च उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिले की छह सीएचसी अलीगंज, आलमबाग चंदरनगर, कैसरबाग रेडक्रॉस, सिल्वर जुबली ऐशबाग, नगराम, टुडियागंज में अल्ट्रासाउंड मशीनें खराब हैं। ऐसे में ई-वाउचर भी जारी न होने से यहां आने वाली गर्भवतियों को जांच के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ रहा। इसके अलावा रोगी कल्याण समिति सहित अन्य कई योजनाओं में भी बजट की कमी के चलते अस्पतालों की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि किसी भी मरीज का इलाज प्रभावित नहीं हो रहा है। जल्द ही ई-वाउचर सुविधा बहाल होगी।

गुस्सा | एक पंखा और एक लाइट के उपयोग पर आ रहा 1500 से 7000 रुपये तक बिल

# लौलाई उपकेंद्र पर दूसरे दिन भी हुआ हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट स्थित लौलाई विद्युत उपकेंद्र पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर से परेशान उपभोक्ताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन किया।

कांशीराम आवास योजना में रहने वाले लोगों का कहना था कि एक पंखा और एक लाइट के उपयोग पर ही 1500 से लेकर 7000 रुपये तक का बिल आ रहा है। ये उनकी आय के हिसाब से बेहद ज्यादा है। मौके पर स्थिति को संभालने और उपभोक्ताओं को समझाने के लिए लेसा के चीफ सुशील गर्ग खुद पहुंचे और लोगों से बातचीत की। स्थानीय पार्षद ममता रावत ने मौके पर पहुंकर लोगों से जानकारी ली और उनके धरने का समर्थन किया। उपभोक्ताओं के अनुसार करीब 2900 मकानों में रहने वाले लोग इस समस्या से प्रभावित हैं। कई परिवारों का कहना है कि बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर फिर से बहाल किए जाने की मांग की, जिससे उन्हें नियमित और भरोसेमंद बिजली मिल सके। मालूम हो कि सोमवार को हुए धरना प्रदर्शन में मौके पर पहुंचे विधायक योगेश शुक्ला के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ था।



चिनहट स्थित लौलाई विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते स्मार्ट प्रीपेड मीटरमें अधिक बिल आने से परेशान उपभोक्त।

# 19 को अक्षय तृतीया बनेंगे कई शुभ योग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गजकेसरी, त्रिपुष्कर और आयुष्मान योग से दिन होगा बेहद फलदायी

**अमृत विचार:** वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया यानी अक्षय तृतीया 19 अप्रैल रविवार को है। इसे 'आखा तीज' भी कहते हैं। इस तिथि को किए गए शुभ कार्यों का अक्षय फल प्राप्त होता है।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर कई विशेष शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन गुरु और चंद्रमा एक ही राशि में स्थित रहेंगे, जिससे गजकेसरी योग का निर्माण होगा। इसके साथ ही त्रिपुष्कर योग भी रहेगा, जिसके प्रभाव से किए गए कार्यों का तीन गुना फल मिलने की मान्यता है। अक्षय तृतीया को आयुष्मान योग भी रहेगा। ये योग स्वास्थ्य और आरोग्य की दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके अलावा मालव्य और शश जैसे अन्य शुभ योग भी हैं। तृतीया 19 अप्रैल को सुबह 10:50 बजे से 20 अप्रैल को सुबह 7:28 बजे तक रहेगी। मध्याह्नव्यापिनी तृतीया 19 अप्रैल की दोपहर में ही रहेगी, इसलिए इसी दिन अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस दिन विवाह, खरीदारी, दान-पुण्य और नए कार्यों की शुरुआत विशेष फलदायी मानी जाती है।

## सिटी ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से बाइक मिस्त्री की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कस्बा माल निवासी सलमान अहमद (31) पुणे में बाइक मिस्त्री था। वह तीन दिन पहले ही घर आया था। चचेरे भाई नईम ने बताया कि सलमान के पिता वकील अहमद की तबीयत खराब चल रही थी। उन्हें आईआईएम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को सलमान अपने दोस्त के साथ पिता के लिए खाना लेकर अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान ठाकुरगंज के गऊघाट के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात इलाज के दौरान सलमान ने दम तोड़ दिया, जबकि उसका साथी की हालत गंभीर बनी हुई है। मंगलवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### मंदिर के दानपात्र से रुपये चोरी

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर के विजयनगर स्थित महाशक्ति निवास मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोरों ने दानपात्र से नगदी पार कर दी। सुबह जब भक्त मंदिर पहुंचे तो उन्हें गेट का ताला टूटा मिला। मंदिर के अध्यक्ष धर्मेंद्र अवस्थी ने बताया कि रविवार रात्रि चोरों ने सरिया से मंदिर के गेट में लगे ताले को तोड़ दिया। इसके बाद चोर मंदिर में रखे दानपात्र से रुपये चोरी कर ले गए। चोरों ने मंदिर में लगे दूसरे दानपात्र का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहे। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

### चोरी का प्रयास, कैमरे में दिखे तीन चोर

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर के एलडीए कॉलोनी में सोमवार देर रात स्कूटी सवार तीन चोरों ने एक बंद मकान का मुख्य द्वार का ताला तोड़ा। घर में दाखिल हुए लेकिन बिना वारदात के लिए भाग निकले। चोरों की करतूत घर के सामने ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित शंकर पांडेय ने बताया कि वह सोमवार को परिवार संग ससुराल दुबग्गा गए थे। मंगलवार सुबह पड़ोसी ने घर के ताला टूटा होने की जानकारी दी। सूचना पर वे घर पहुंचे। सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो देर रात स्कूटी सवार तीन संदिग्ध कैद मिले। रिकार्डिंग में दिखा कि एक चोर स्कूटी स्टार्ट कर बैठा रहा, जबकि दो साथी मकान का ताला तोड़ अंदर घुसे। भीतर के कमरों का ताला तोड़ पाने में असफल रहे।

### कृष्णानगर में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर पुलिस ने चोरी की तीन वारदातों में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब आठ लाख रुपये के जेवर और नकदी बरामद की गई है। इससे पहले पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश विपिन और उससे पहले शुभम सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी दक्षिणी अमित आनंद ने बताया कि अलीनगर सुनहरा और विजयनगर क्षेत्र में एक माह के भीतर तीन घरों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। मामले दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और करीब 500 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद 21 मार्च को शुभम सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसके बाद 11 अप्रैल को मुठभेड़ में इनामी बदमाश विपिन पकड़ा गया, जबकि कुलदीप यादव निवासी मल्हौर, चिनहट फरार चल रहा था। 14 अप्रैल को पुलिस ने केसरी खेड़ा रेलवे लाइन के पास झोपड़पट्टी से कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया।

# टप्पेबाज गिरोह का भंडाफोड़ महिला सरगना समेत चार गिरफ्तार

## ऑटो, टेंपो और ई-रिक्शा में बैठे यात्रियों को बातों में उलझाकर करते थे टप्पेबाजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाजी गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ई-रिक्शा व ऑटो में बैठकर यात्रियों को बातों में उलझाकर जेवर उड़ाने वाले नागपुर के गिरोह का भंडाफोड़ कृष्णानगर पुलिस ने किया है। पुलिस ने गिरोह की महिला सरगना, उसके पति समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवर बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीन वारदातों का खुलासा किया है।

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि 13 अप्रैल को मानसनगर निवासी मृणाल सान्याल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल को वह अपनी बीमार मां सुमित्रा सान्याल को सराफा मार्केट स्थित क्लीनिक से दिखाकर ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। रास्ते में चालक ने कुछ महिलाओं को बैठा लिया, जिन्होंने सुमित्रा को बातों में उलझा लिया। कुछ दूर बाद महिलाएं उतर गईं। मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-1 के पास पहुंचने पर सुमित्रा ने देखा कि उनके गले से चेन गायब थी। इसी तरह कृष्णानगर क्षेत्र में दो अन्य वारदातें भी हुई थीं।

- **छह माह में तीन वारदात, जेवर बरामद**

डीसीपी के निर्देश पर छह टीमों का गठन किया गया। करीब 600 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों का सुराग मिला। महिला उपनिरीक्षक सिद्धी मिश्रा ने हुलिया बदलकर निगरानी की। इसके बाद 14 अप्रैल को डूडा कॉलोनी, आशाराम बापू मार्ग से तीन महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शेषकला, उसका पति दयालाल, पूजा निवासी नागपुर (महाराष्ट्र) और गौरी देवी उर्फ नमजा निवासी बिहार बताए। चारों दुबग्गा में आम्रपाली हॉस्पिटल के पास झुग्गी में रहते थे।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि शेषकला गिरोह की सरगना है और सभी आरोपी एक ही परिवार के हैं। दिन में फेरी वाला बनकर रेकी करते थे और बुजुर्गों व महिलाओं को निशाना बनाते थे। आरोपी के खिलाफ बीकेटी, मड़ियांव, कृष्णानगर व संडीला में करीब आठ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस से बचने के लिए वे ठिकाना और आधार कार्ड का पता बदलते रहते थे।

# पार्टनरशिप का झांसा देकर कारोबारी से 13 करोड़ की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **डीसीपी पूर्वी के आदेश पर गोमतीनगर थाने में दंपति समेत चार पर रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** दवा कंपनी और कारोबार में पार्टनरशिप का झांसा देकर जालसाजों ने कारोबारी से 13 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित के पिता को कंपनी में चेयरमैन बनाने का भी झांसा दिया। ठगी का एहसास होने पर रुपये मांगने पर पीड़ित को धमकाया गया। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने दंपति समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विनीतखंड-6 निवासी कृष्ण प्रताप सिंह के अनुसार पड़ोसी मारुत सुत तिवारी और उनकी पत्नी आनन्दिता तिवारी ने खुद को एपेक्स इंडिया कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक बताया। वहीं विभूतिखंड निवासी विजय कोहली और उनकी पत्नी रश्मि वेलनेस नैप्यून प्राइवेट लिमिटेड व वीरा लाइफ साइंसेज कंपनी से जुड़े हैं। आरोप है कि वर्ष 2022 से 2024 के बीच दवा कारोबार में 50 प्रतिशत साझेदारी और लाइसेंस ट्रांसफर के नाम पर उनसे व उनके परिजनों से 13 करोड़ रुपये से अधिक ले लिए गए।

रकम के बदले आरोपियों ने चेक दिए और एक एग्रीमेंट कराया, जिसमें फर्जी रूप से 40 लाख रुपये आरटीजीएस से देने का उल्लेख किया गया, जबकि खाते में कोई धनराशि नहीं आई। पीड़ित के रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी पिता राजेंद्र प्रताप सिंह से भी चेयरमैन बनाने का झांसा देकर करीब 2.58 करोड़ रुपये ले लिए गए।

पीड़ित के अनुसार 25 अक्टूबर 2025 को हुए समझौते में 30 नवंबर तक रकम लौटाने का वादा किया गया, लेकिन पैसा वापस नहीं किया गया। 16 नवंबर 2025 को सतरिख चौराहे के पास आरोपियों ने गाड़ी रोककर धमकाया और फर्जी मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नाजा मार्केट में कम्प्यूटर शोरूम खोलकर 50 लाख की ठगी दो जालसाजों ने शोरूम खोलकर उधार पर लिया माल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाजा मार्केट में कम्प्यूटर कारोबारियों के साथ 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। राजस्थान के दो जालसाजों ने मार्केट में कम्प्यूटर का कारोबार शुरू किया और व्यापारियों से मधुर संबंध बनाकर उनका विश्वास जीता। इसके बाद करीब 35 व्यापारियों से 50 लाख रुपये का माल उधार लेकर शोरूम बंद कर फरार हो गए। पीड़ितों ने डीसीपी मध्य विक्रांत वीर से मुलाकात कर शिकायत की, जिसके बाद हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित व्यापारियों उपकार सिंह, हर्ष बंसल, सुभाष चंद्र समेत अन्य ने तहरीर में बताया कि नवंबर 2025 में नाजा मार्केट स्थित भोपाल हाउस, लालबाग में 'आइकॉन कम्प्यूटर्स' नाम से दुकान खोली गई थी। दुकान संचालक कानाराम मानाराम चौधरी निवासी राजकोट, राजस्थान और धीरज खेमराम चौधरी निवासी कोटा, राजस्थान ने धीरे-धीरे बाजार के व्यापारियों से संपर्क बढ़ाया। इसके बाद नकद व उधार पर कम्प्यूटर पार्ट्स खरीदना शुरू किया। विश्वास कायम होने के बाद आरोपियों ने बड़ी मात्रा में माल उधार लिया और कुछ समय बाद भुगतान करने का आश्वासन दिया। तय समय पर जब व्यापारी भुगतान लेने पहुंचे तो दुकान पर ताला लगा मिला। छानबीन में पता चला कि आरोपी कारोबार समेटकर फरार हो चुके हैं। पीड़ितों के अनुसार इस ठगी से करीब 35 व्यापारी शिकार हुए हैं और लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि आरोपियों द्वारा दिए गए आधार कार्ड, पैन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज भी जाली होने की आशंका है। उनका आरोप है कि जालसाजों ने पहले से ही ठगी की साजिश के तहत फर्म रजिस्टर कराई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो युवकों के खातों से उड़ाए 3.62 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने दो युवकों को निशाना बनाकर उनके खातों से कुल 3.62 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने इंश्योरेंस कंपनी का प्रतिनिधि बनकर ठगी की तो कहीं बिना ओटीपी के ही रकम पार कर दी। संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है।

कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी, सेक्टर-जी निवासी प्रभांशु तिवारी का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शांतिपुरम में है। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल की देर रात साइबर जालसाज ने उनके खाते से 3.12 लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें जानकारी हुई। पीड़ित ने बैंक में शिकायत करने के साथ कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं ठाकुरगंज के गढ़ी पीर खां निवासी राकेश कुमार मिश्र को कॉल कर खुद को एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का प्रतिनिधि बताया गया। जालसाज ने बंद पॉलिसी चालू कराने के नाम पर एक लाख जमा करने पर 13 लाख मिलने का लालच दिया। झांसे में आकर पीड़ित ने 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में शक होने पर ठगी का पता चला और उन्होंने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कारोबारी के बेटे ने फंदे से लटक कर दी जान, कान में लगे थे ईयरफोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **किसी से बात करते हुए उठाया कदम, मोबाइल जांच में जुटी पुलिस**
- **सैरपुर के छठे मील इलाके की घटना**



**अमृत विचार :** सैरपुर क्षेत्र में सोमवार रात फर्नीचर कारोबारी के बेटे ने स्टोर रूम में फंदे से लटककर जान दे दी। मौके पर जांच के दौरान मृतक के कानों में ईयरफोन लगे मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वह आत्महत्या के समय किसी से बातचीत कर रहा था। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

छठे मील, सीतापुर रोड निवासी नासिर अली फर्नीचर ठेकेदार हैं। परिवार में पत्नी हजरा अंसारी, बेटे फिरदौस व आबिद अली (22) और दो बेटियां हैं। फिरदौस के अनुसार सोमवार को माता-पिता रिश्तेदारी में गए थे। घर पर वह, उसकी पत्नी नाहिदा, भाई आबिद और बहनें फातिमा व मरियम मौजूद थीं। रात में सभी खाना खाकर सो गए। देर रात करीब दो बजे नाहिदा और फातिमा की नींद खुली तो आबिद कमरे में नहीं मिला। परिजनों ने खोजबीन की तो स्टोर रूम अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर फिरदौस छत पर गया और जाल से झांककर देखा तो आबिद फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, जबकि मोबाइल कमरे में बक्से पर रखा मिला। इंस्पेक्टर मनोज कुमार कोरी ने बताया कि मोबाइल की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे पर कार रुकवाकर युवती से छेड़छाड़, फाड़े कपड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अयोध्या हाईवे स्थित बीबीडी ग्रीन सिटी चौराहे पर ओवरटेक कर चार युवकों ने कार रूकवा ली। युवती से छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए। विरोध पर पीटा। पीड़िता ने एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि 11 अप्रैल को करीब 9:30 बजे वह परिवार संग कार से घर जा रही थीं। अयोध्या हाईवे पर स्थित बीबीडी ग्रीन सिटी चौराहे के पास ओवरटेक कर राहुल व उसके तीन साथियों ने जबरन उनकी कार रुकवा ली। राहुल कार की खिड़की का शीशा तोड़ने का प्रयास करने लगा। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने जब शीशा नीचे किया तो राहुल ने उनका दुपट्टा छीन लिया। कार से बाहर निकलने पर आरोपी और उसके साथियों ने कपड़े फाड़ दिए। विरोध पर मारपीट की। किसी तरह से उन्होंने खुद को बचा कर कार में बंद किया और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस को आता देखकर आरोपी क्राउन मॉल भाग गए। करीब डेढ़ घंटे बाद जब सभी आरोपी बाहर निकले तो पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

# सैन्य अधिकारी के मकान में 11 लाख की चोरी, डीवीआर भी ले गए

- **पड़ोसी के कैमरे में कैद हुए तीन चोर**
- **तहरीर के पांच दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सैन्य अधिकारी के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 11 लाख की चोरी कर ली। वारदात के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे तोड़ने के साथ डीवीआर भी उठा ले गए। पड़ोसी के कैमरे में तीन संदिग्ध कैद हुए हैं।

नीलमथा के विजयनगर सेक्टर-ए निवासी सैन्यकर्मी अरविंद कुमार सिंह प्रयागराज में तैनात हैं। उनकी पत्नी लालती सिंह ने बताया कि 7 अप्रैल को बेटा घर से गया था। 9 अप्रैल को पड़ोसी ने चोरी की सूचना दी। घर पहुंचने पर मुख्य द्वार व कमरों के ताले टूटे मिले। चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब 85 हजार रुपये और 10 लाख के जेवर ले गए।

पीड़िता के अनुसार घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए गए और डीवीआर भी चोरी कर लिया गया। पड़ोसी के कैमरे में तीन चोर कैद हुए हैं। तहरीर और फुटेज देने के बावजूद पांच दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### बीमार मां संग बेटे अस्पताल में, घर में चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। बहरौली गांव निवासी मजदूर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मां शांति की तबीयत खराब चल रही थी। 2 अप्रैल को गोमतीनगर के खरगापुर स्थित निजी अस्पताल में मां को लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टर ने मां भर्ती कर लिया। अभिषेक व बड़ा भाई राहुल मां की देखरेख में अस्पताल में थे। घर पर ताला लगा हुआ था। मंगलवार सुबह पड़ोसी महेश की पत्नी गुडिया ने फोन कर दरवाजे का ताला खुला होने की बात कही। यह सुनकर अभिषेक गांव पहुंचा। मुख्य द्वार का ताला टूटा देख वह अंदर गया तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोर कमरे में रखे बक्से में का ताला तोड़कर रुपये व जेवर उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि घर पर दोनों बहनें के जेवर भी रखे हुए थे। चोर उन्हें भी साथ ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर छानबीन की एसओ नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि अभिषेक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कार में शराब पीने वालों पर कार्रवाई, 411 का चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर कार में बार बनाकर शराब पीने व हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने सोमवार शाम पांचों जोन में अभियान चलाकर सख्ती की। अभियान के दौरान 106 स्थानों पर ब्रेथ एनालाइजर से 2339 लोगों की जांच की गई, जिसमें 411 लोग नशे में मिले। पुलिस ने सभी के खिलाफ दफा 34 के तहत चालान किया।

जेसीपी कानून-व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश पर पूर्वी, पश्चिम, मध्य, उत्तरी और दक्षिणी जोन में रात आठ से दस बजे तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान एसीपी से लेकर सिपाही तक सड़कों पर उतरे और हजरतगंज, प्राग नारायण रोड, नेशनल कॉलेज रोड, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, पुरनियां, गोपालपुरवा, पेपर मिल रोड, रिंग रोड, मोतीनगर, राजेंद्र नगर, कल्ली पश्चिम, तिवारीगंज, गीतापुरी मार्केट और हुसड़िया जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग की गई।


अभियान के दौरान बाइक सवार को रोकते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- **106 स्थानों पर 2339 लोगों की जांच**

गश्त के दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते लोग मिले। कुल 411 लोगों को नशे की हालत में पकड़ा गया, जिनका चालान कर सख्त चेतावनी दी गई। कार्रवाई में पश्चिम जोन में सबसे अधिक 115, उत्तरी में 114, पूर्वी में 86, दक्षिणी में 51 और मध्य जोन में 45 लोगों पर कार्रवाई की गई।

जेसीपी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही शराब दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि दुकानों के बाहर अनावश्यक भीड़ न लगने दें।


मुख्यमंत्री को पिन फ्लैग लगाते अग्निशमन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

अग्नि सुरक्षा दिवस

सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं जागरूक समाज थीम पर चलेगा अभियान

# हजरतगंज से निकली फायर वाहनों की रैली, जागरूकता अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **हजरतगंज अग्निशमन केंद्र पर मनाया गया कार्यक्रम, डीजी फायर रहे मौजूद**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय अग्नि शमन सेवा दिवस पर मंगलवार सुबह हजरतगंज स्थित अग्निशमन केंद्र में महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा सुजीत पांडेय ने शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग के शहीद अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद अग्नि सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश देते हुए सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं जागरूक समाज थीम पर अभियान की शुभारंभ किया। दमकल वाहनों को हरी झंडी देकर जागरूकता रैली रवाना की। रैली हजरतगंज से शुरू होकर अटल चौराहा, बंदरियाबाग, गोमतीनगर, इंदिरानगर, महानगर, डालीगंज, कैसरबाग होते हुए विधानसभा तक पहुंची। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को आग से बचाव के उपायों और सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के बाद अग्निशमन विभाग के अधिकारी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री को पिन फ्लैग लगाते हुए बुकलेट दिया गया। इसके बाद पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण को पिन फ्लैग लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी। महानिदेशक अग्निशमन सुजीत पांडेय ने बताया कि इस वर्ष सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं जागरूक समाज थीम के तहत 14 से 20 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मॉक ड्रिल, पंपलेट और इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### 66 अग्निशमन कर्मियों की याद में मनाते हैं दिवस

14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 में मालवाहक जहाज फोर्ट स्टीकेन में आग लग गई थी। आग पर काबू पाने के प्रयास में 66 दमकलकर्मी शहीद हो गए थे। उन शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी जाती है।

पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने बताया कि तीन माह के फायर सीजन में सबसे अधिक आग की घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में होती हैं। व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों की इलेक्ट्रिकल ऑडिट करा लें। ग्रामीण इलाकों में होने वाले अग्निकांड खेत-खलिहानों में होते हैं। जिसकी असर अन्नदाता झेलता है। जरा सी लापरवाही में अग्निकांड होते हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल ने कहा कि आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता और जागरूकता बहुत जरूरी है। जागरूक होने से ही अग्निकांडों में कमी आएगी। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी एयरपोर्ट रेस्क्यू एंड फायर फाइटिंग टीम द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। परेड आयोजित की गई तथा सामूहिक शपथ ली गई। सतर्कता, तत्परता और आपातकालीन प्रतिक्रिया के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# संविधान शिल्पी की आरती उतारी और चढ़ाए फूल

## डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शहर में जगह-जगह हुए कार्यक्रम, शोभायात्राएं निकाली गईं और भंडारे में चखा प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः 135वीं जयंती पर शहर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने संविधान के शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए और आरती उतारी। शोभायात्राएं निकाली गईं और भजनों से बाबा साहेब का गुणगान किया गया।

गोमती नगर स्थित सामाजिक परिवर्तन स्थल पर मेला लगा। यहां हजारों की संख्या में लोगों ने आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। गेट के पास मोमबत्ती और दीये भी जलाए गए। खटीक यूनियन ऑफ़ नेशनल समिति की ओर से गायन का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक परिवर्तन स्थल पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। बहुजन समाज पार्टी के 18 मंडलों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बुद्ध पूजा और पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं और पूर्व सांसदों ने भाग लिया। इस दौरान हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।गोमतीनगर के वास्तुखंड स्थित साहित्यकार आनन्द उपाध्याय के सभाकक्ष में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर मुख्य वक्ता अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. सुभाष चंद्र मिश्र ने डॉ. आम्बेडकर के बहुआयामी व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये। आयोजन के मुख्य अतिथि सभासद शैलेंद्र वर्मा ने बाबा साहेब के विचारों की मौजूदा प्रासंगिकता का उल्लेख कर नमन किया। साहित्यकार आनन्द उपाध्याय ने विस्तार से डॉ. आम्बेडकर के जीवन दर्शन और संघर्षों का उल्लेख कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।





डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद नमन करते बसपाई व अन्य और दीपक जलातीं महिलाएं। अमृत विचार

### बाबा साहब न होते तो अंतिम पायदान तक इंसाफ न पहुंचता

■ अमृत विचार, लखनऊ : लालबाग स्थित पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय कर्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर एक अत्यंत भावुक और विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने डॉ. आम्बेकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अनीस मंसूरी ने इस मौके पर कहा कि डॉ. आम्बेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि उन करोड़ों वंचित, शोषित और उपेक्षित लोगों की आवाज़ है, जिन्हें उन्होंने अधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि अगर बाबा साहेब न होते तो शायद आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को इंसाफ और बराबरी का एहसास भी न होता। उन्होंने कहा कि सच्चाई तो यह है कि बाबा साहब भारत के पसमांदा मुसलमानों के भी सच्चे रहबर थे। उनके विचारों में वह ताक़त थी जो हर वंचित तबके को हक़ और इज़्ज़त के साथ जीने की राह दिखाती है।इस अवसर पर मुख्य रूप से संगठन मंत्री ऐजाज़ अहमद राईन, मोहम्मद रिज़वान, ऐजाज़ अहमद एडवोकेट, नरेंद्र सिंह यादव, मोहम्मद कलीम, फैसल सिद्दीकी, इमरान मिर्ज़ा, करीम मंसूरी, जय प्रकाश शुक्ला, रामप्रकाश मौर्या, अनिल कश्यप आदि मौजूद रहे।

### पशु चिकित्सकों ने दी पुष्पांजलि

■ अमृत विचार, लखनऊ: बादशाहबाग स्थित राजकीय पॉलीक्लीनिक में भी आंबेडकर जयंती मनाई गई। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार वर्मा और अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। वहीं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बाबा साहब के योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि उनके विचारों से ही देश में श्रम कल्याण और भविष्य निधि जैसी व्यवस्थाओं की नींव पड़ी।



हजरतगंज में निकाली गई शोभायात्रा में झांकियां और शामिल लोग। अमृत विचार

### अखिल भारतीय अंबेडकर वाहिनी ने चलाया हस्ताक्षर महाअभियान

■ अमृत विचार, लखनऊ: अखिल भारतीय अंबेडकर वाहिनी ने डॉ. आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर संविधान, समता, ममता, भाईचारा और सामाजिक न्याय पर आधारित राष्ट्र निर्माण पर चर्चा की। हस्ताक्षर महाअभियान भी चलाया। राष्ट्रीय महासचिव बीके गौतम ने बताया कि कल्ली पश्चिम और भगवन्त नगर नीलमथा में उत्साह देखने को मिला। संगठन मंत्री हरीराम चौधरी ने कहा कि समतामूलक राष्ट्र ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### भाजपा ने बूथ स्तर तक मनाई जयंती

■ डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की ओर से बूथ स्तर तक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कैंट विधानसभा के मंडल दो में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह एवं लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि सभी 110 वार्डों में दीपांजलि अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया।



आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नीरज सिंह।

### जनता दल ने हजरतगंज में किया माल्यार्पण

■ जनता दल (सेक्युलर) के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह ने हजरतगंज स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह रावत, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मकसूद अहमद, कानपुर मंडल प्रभारी घनश्याम सिंह, युवा जनता दल (एस) के प्रदेश सचिव भैयालाल बिंद, असगर अली, युनुस, केदारनाथ यादव, प्रकाश श्रीवास्तव, रमाकांत, आरपी निषाद और राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### इन्होंने भी याद किया



तिरंगा यात्रा निकालते कांग्रेस पदाधिकारी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. आंबेडकर जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर बाबा साहब के योगदान को याद किया और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। समूचे शहर में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

### भू वैज्ञानिकों ने भी किया याद



भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र के कार्यालय में दीप जलाते वैज्ञानिक।

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र के कार्यालय परिसर में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई। भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अपर महानिदेशक राजिन्दर कुमार इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप महानिदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी भी रही। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। राजिंदर कुमार ने भी विचार रखे संयोजन उत्तरी क्षेत्र के निदेशक डॉ. राजीव राही ने किया।

### एडवा ने निकाला जुलूस

अमृत विचार, लखनऊ: परिवर्तन चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एडवा और एसएफआई के संयुक्त तत्वावधान में विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व एडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधु गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष वंदना राय तथा एसएफआई के सचिव सपन और अध्यक्ष अंकित ने किया। सीपीआई(एमएल) लिबरेशन, आइसा, एआईसीसीटीयू और आरवाईए के संयुक्त तत्वावधान में हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सीपीआई(एमएल) लिबरेशन के जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर और सदस्य सतीश राव, एआईसीसीटीयू के जिला सचिव मधुसूदन मगन और सदस्य राम अनुज ओझा, आरवाईए के राज्य संयुक्त सचिव राजीव गुप्ता तथा आइसा के कार्यकर्ता शान्तम, सत्यम, शिवमोहन और आसिफ उपस्थित रहे।

### ईपीएफओ में किया प्रतिमा पर माल्यार्पण

अमृत विचार, लखनऊ: ईपीएफओ द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल पार्क में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया, जहां लोगों को पीएफ दावों, पेंशन योजनाओं और डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी कर्मचारी एसोसिएशन और शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ की ओर से भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।



ईपीएफओ कार्यालय में माल्यार्पण करते ईपीएफओ आयुक्त द्वितीय आशीष कुमार

### 1000 बच्चों को बांटी स्टेशनरी



बच्चों को स्टेशनरी देते अवधेश कुमार वर्मा और अन्य लोग।

अमृत विचार, लखनऊ: अंबेडकर जयंती आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने अंबेडकर स्मारक स्थल में दो दिवसीयकार्यक्रम किया। यहां 10 कुंतल भोजन, फल, मिष्ठान और 1000 बच्चों को कॉपी, पेंसिल और पुस्तकें वितरित की गईं। संयोजक अवधेश कुमार वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया और शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो संदेश को अपनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भीम गीतों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बनाया।

## भारत से संपूर्ण विश्व को आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है : स्वामी नारायणानंद

अमृत विचार, लखनऊ :इंदिरा नगर की ऋषि विहार कालोनी स्थित सच्चिदानंद आश्रम में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में काशी धर्मपीठ के शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत वह पुण्य भूमि है जहां से संपूर्ण विश्व को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने भारत को सनातन संस्कृति और अध्यात्म की धुरी बताते हुए कहा कि यह भूमि सदैव मानवता को मार्गदर्शन देती रही है।



उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकता है। अच्छे विचार, सद्कर्म और धर्म के प्रति अटूट आस्था ही जीवन को सफल और सार्थक बनाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्मों को श्रेष्ठ बनाएं और धर्म के मार्ग पर चलते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने विधिवत चरण पादुका पूजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग में शामिल हुए। पूर्व सीएमओ डॉ. एके शुक्ला, एडवोकेट महेन्द्र नाथ पाण्डेय, आरएमएल हॉस्पिटल के राजीव कुमार, शिव कुमार व संतोष तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना संत कंवर राम का जन्मदिवस

अमृत विचार, लखनऊ: संत सिरोमणि, अमर शहीद, हिन्द सिंध के संत कंवर राम का 141वां जन्म दिवस सिंधी समाज ने बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर गुरु माता दयाली देवी सेवा मण्डल व सखी बाबा युवा मंडल की ओर से संत कंवर राम चौराहा, आलमबाग में भंडारा किया गया और मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लगाये गए रक्तदान शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया।

सुबह 10 बजे शिव शांति संत आसुदाराम आश्रम के पीठाधीश्वर साईं मोहन लाल व साईं हरीश लाल ने भंडारा शुरू कराया। इस अवसर पर साईं मोहन लाल ने संत कंवर राम के किये गए सेवा, सत्संग और परोपकार पर प्रकाश डाला। संस्था के मुख्य कार्यकर्ता प्रीतम वलेचा ने बताया कि ये भंडारा विगत 20 वर्ष से कंवर राम के जन्मदिवस पर लगाया जाता है। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक मुकेश शर्मा, सुरेश चंद तिवारी, कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष हरशरण लाल गुप्ता, सभासद पियूष दीवान, पूर्व राज्यमंत्री नानक चंद लखमानी, सिन्धु सभा अध्यक्ष अशोक मोतियानी, हरीश मलानी, सतेंद्र भावनानी, सतीश अठवानी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सिटी डायरी

### पोस्टर प्रतियोगिता में सतेंद्र प्रथम



मौलाना आजाद अकादमी में जयंती मनाते लोग।

अमृत विचार, लखनऊ :मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सहयोग से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें सतेंद्र कुमार (हिंदी विभाग) ने प्रथम, शशांक शेखर (अर्थशास्त्र विभाग) ने द्वितीय और नितीशा यादव (विधि विभाग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 1000 रुपयेम द्वितीय पुरस्कार के रूप में 700 रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 500 रुपये प्रदान किये। इस अवसर पर अकादमी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें बाबा साहेब का एक पोर्ट्रेट स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट किया तथा कुलपति प्रोफेसर राज कुमार मित्तल को सफल आयोजन के लिए शॉल ओढ़ाकर बधाई दी।



छात्रा को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि व मौजूद शिक्षक।

### निबंध और भाषण प्रतियोगिता कराई

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी में डॉ. अंबेडकर की जयंती पर जूनियर एवं सीनियर वर्ग में निबंध और भाषण प्रतियोगिता कराई गई। भाषण प्रतियोगिता में 30 और निबंध लेखन में 62 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चारों वर्गों में प्रथम पांच-पांच स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अजय कुमार खन्ना, चीफ जनरल मैनेजर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार दिया। मार्गदर्शक शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में डॉ. आंबेडकर की विद्वता और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग से शुरू होती है, जो देश की एकता, अखंडता, न्याय और समानता का प्रतीक है।



पुष्पांजलि अर्पित करते संगीत नाटक अकादमी अध्यक्ष व अन्य।

### तालाब से पानी का अधिकार दिलाया

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. आंबेडकर जयंती पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में भी कार्यक्रम हुआ। अकादमी अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. आम्बेडकर की अगुआई में 2 साल, 11 महीने और 17 दिन में दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान तैयार किया गया, ये समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की गारंटी देता है। डॉ. आंबेडकर ने महाड स्थान पर दलितों को सार्वजनिक चवदार तालाब से पानी पीने और इस्तेमाल के अधिकार दिलाने को प्रभावी सत्याग्रह किया था।



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### स्वास्थ्य शिविर लगाया

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर के राजकीय नेशनल होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय डॉ. आंबेडकर जयंती पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें रोगियों की जांच कर दवाएं दी गईं। प्राचार्य प्रो. विजय कुमार पुष्कर, प्रोफेसर डॉ. अमित नायक, प्रोफेसर डॉ. डीके सोनकर, प्रोफेसर डॉ. अनिरुद्ध कुमार, प्रोफेसर डॉ. विश्वजीत गुप्ता, सिस्टर अनीता ने पुष्पांजलि भी अर्पित की।

पुष्पांजलि | एकलव्य समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर निषाद ने कार्यकर्ताओं के साथ अर्पित की बाबा साहेब को पुष्पांजलि

# निषाद समाज को दिया जाए अनुसूचित जाति का दर्जा



हजरतगंज में बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद एकलव्य समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर निषाद व अन्य।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : एकलव्य समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर निषाद ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को हजरतगंज चौराहे पर स्थित बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अम्बेडकर जयंती धूम-धाम से मनाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि निषाद समाज दिल्ली, महाराष्ट्र सहित 14 प्रदेशों में अनुसूचित जाति में आता है तथा सेंसेक्स ऑफ इंडिया 1961 में निषाद मल्लाह को लखनऊ, आगरा, इटावा और उन्नाव में अनुसूचित जाति में रखा गया है। परंतु उन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी न करके पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इस विसंगति को दूर करने के लिए एकलव्य समाज पार्टी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर हम सभी के आदर्श हैं। उन्हीं के प्रयास से देश में छुआ-छूत की भावना दूर हुई और देश एकजुट हुआ। हमें मौलिक अधिकार प्राप्त हुए और देश में कहीं भी रहने-घूमने और बोलने की आजादी मिली। अब किसी भी जाति का व्यक्ति मंदिरों में जाकर पूजा पाठ कर सकता है। ये आजादी आज हमारे देश के सभी लोगों को बाबा साहेब के कारण प्राप्त हुई है। कुछ राजनैतिक पार्टियां व संगठन केवल दिखावे की राजनीति करते हैं।

इस अवसर पर सुरेंद्र मोहन गांधी प्रदेश अध्यक्ष, रवीन्द्र कुमार उर्फ रामू निषाद जिला अध्यक्ष लखनऊ, अवधेश कश्यप नगर अध्यक्ष, हरि कश्यप, सूरज निषाद उर्फ लकी निषाद, राहुल निषाद, वरुण निषाद ,हर्ष निषाद, अनिकेत निषाद, संजय कश्यप,नरेंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# विजेता ट्रॉफी पर मथुरा ब्रज स्टार ने जमाया कब्जा

## फाइनल में गोरखपुर राउडीज़ को 44-38 से दी शिकस्त, विजेता को मिला दो लाख रुपये का पुरस्कार व ट्रॉफी, उपविजेता को एक लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


ट्रॉफी के साथ मथुरा ब्रज स्टार के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान करते पूर्व रणजी क्रिकेटर व पूर्व मंत्री मोहसिन रजा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मथुरा ब्रज स्टार ने मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में टाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के पहले सीजन की विजेता ट्रॉफी अपने नाम करने में सफलता हासिल की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेले गए हाईवोल्टेज फाइनल में मथुरा ब्रज स्टार ने गोरखपुर राउडीज़ को 44-38 के अंतर से पराजित किया।

उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की देखरेख में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा टाटा कैपिटल के सहयोग से आयोजित इस लीग के फाइनल में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर लगातार आक्रमण किए। पहले हॉफ में दोनों टीमें 21-21 से बराबरी पर रहीं।

दूसरे हॉफ में मथुरा ब्रज स्टार ने रणनीति बदलते हुए शानदार खेल दिखाया और मैच का रुख अपने पक्ष में कर लिया। मथुरा की जीत के नायक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहिताश रहे, जिन्होंने सर्वाधिक 14 गोल किए और मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर चुने गए। वहीं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रवि ने 11 गोल कर उनका अच्छा साथ दिया। इसके अलावा निहाल ने 8, याहिया ने 6, शिवा ने 3 और सूर्या ने 2 गोल किए।

**यूपी प्रो हैंडबॉल लीग**

- **प्लेयर ऑफ द लीग रोहिताश को इनाम में मिली टीवीएस एक्सट्रीम मोटरसाइकिल**

दूसरी ओर गोरखपुर राउडीज़ के लिए मोहम्मद शूजा और कृष्ण ने 10-10 गोल किए। दीपक ने 5, सुनील और पवन ने 4-4 तथा हैप्पी ने 3 गोल किए, लेकिन निर्णायक मौकों पर चूक टीम पर भारी पड़ी।

समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मोहसिन रजा (पूर्व मंत्री, उप्र सरकार व पूर्व रणजी क्रिकेटर) ने विजेता मथुरा ब्रज स्टार को ट्रॉफी और दो लाख रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया। वहीं उपविजेता गोरखपुर राउडीज़ को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया।

लीग में मथुरा ब्रज स्टार के रोहिताश ने कुल 49 गोल दागे और उन्हें प्लेयर ऑफ द लीग चुना गया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप टीवीएस एक्सट्रीम मोटरसाइकिल की चाबी सौंपी गई।

समारोह में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लीग के सीईओ डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने की, जबकि लीग के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक अमित पाण्डेय ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी व खेल प्रेमी भी मौजूद रहे।

## मशकगंज क्लब को मिली शानदार जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनईआर स्टेडियम में खेले गए सरदार अजीत पाल सिंह मेमोरियल (40 प्लस) टी-20 टूर्नामेंट में मशकगंज क्रिकेट क्लब ने केवीजीएन क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच के हीरो राशिद रहे, जिन्होंने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलाई।

पहले बल्लेबाजी करते हुए केवीजीएन क्रिकेट क्लब ने 19 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन बनाए। टीम की ओर से रिशिल टंडन ने 49 गेंदों में 69 रन (11 चौके, 1 छक्का) और गुफरान ने 33 गेंदों में 53 रन (4 चौके, 2 छक्के) की अहम पारियां खेलीं। गेंदबाजी में मशकगंज के मोहम्मद ईशा शेख ने 19 रन देकर 4 विकेट झटके। 177 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मशकगंज टीम की शुरुआत खराब रही और 19 रन पर ही 2 विकेट गिर गए। इसके बाद राशिद ने 42 गेंदों में 79 रन (11 चौके, 3 छक्के) की शानदार पारी खेलकर टीम को संभाला। उन्हें रेहान (40 रन) और अभिषेक शर्मा (नाबाद 15 रन) का साथ मिला। मशकगंज ने 17.3 ओवर में 5 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**सिटी ब्रीफ**

## आरव और सिया को क्वार्टर फाइनल में जगह

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरिना में चल रहे आइटा टैलेंट सीरीज (अंडर-12) में यूपी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में आरव वर्मा और बालिका वर्ग में सिया सिंह ने प्री-क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गैरवरीय आरव वर्मा ने दूसरी वरीयता प्राप्त रुद्र चौरसिया को 3-6, 6-2, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अन्य मुकाबलों में वरीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर अंतिम आठ में स्थान बनाया। बालिका वर्ग में सिया सिंह ने चौथी वरीयता प्राप्त हिया चौहान को 6-2, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बालक युगल वर्ग में प्रणय शुक्ला और आरव वर्मा की जोड़ी ने आस्विक श्रीवास्तव व ऋत्विक अस्थाना को 1-6, 6-2, 10-6 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक एकल में आरिश सेठी, अविघ्न वर्मा, आस्विक श्रीवास्तव, मोहम्मद हमदान, अद्विक जैन, अर्णव श्रीवास्तव और प्रणय शुक्ला ने भी जीत दर्ज की। युगल वर्ग में अविघ्न वर्मा-आरिश सेठी, रुद्र चौरसिया-शिवंश, प्रणय शुक्ला-आरव वर्मा और अर्णव श्रीवास्तव-मोहम्मद हमदान की जोड़ियां सेमीफाइनल में पहुंचीं।

## गोपाल कृष्ण गोस्वामी को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशान्त गोल्फ सिटी स्थित इस्कॉन मन्दिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभुजी के दिशा-निर्देशन में लखनऊ एवं आस-पास के भक्तों ने परम पूज्य श्रील गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज जी को उनके तिरोभाव दिवस पर मंगलवार को पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी गयी। अपरिमेय श्याम पर प्रभु ने कहां कि हमें परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज द्वारा दी गयी शिक्षाओं को अपने आचरण मे उतारकर मन्दिर अध्यक्ष, गुरू एवं अधिकारियों के दिशा निर्देशन मे सेवाएं करते हुए समाज में कृष्ण भावनामृत का प्रचार करना चाहिए एवं श्रील प्रभुपाद जी द्वारा रचित साहित्यों, ग्रंथों एवं श्रीमद भगवत गीता का वितरण करने में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए यही उनको वास्तविक श्रद्धांजलि होगी।

# लखनऊ के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण सहित सात पदक जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **वर्ल्ड वाइड सुपर लीग इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप सीजन-2**

**अमृत विचार :** लखनऊ के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने वर्ल्ड वाइड सुपर लीग (डब्लूडब्लूएसएल) इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप सीजन-2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण और 1 रजत सहित कुल सात पदक जीतकर शहर का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता 11 और 12 अप्रैल को जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी के खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल में आयोजित हुई।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशिक्षक मास्टर अतुल यादव ने बताया कि सब जूनियर व्यक्तिगत पूमसे स्पर्धा में दिव्य राज वंश और मयंक तिवारी ने स्वर्ण पदक जीते। कैडेट पूमसे में आशुतोष मिश्रा और सीनियर महिला व्यक्तिगत पूमसे में आकांक्षा विश्वकर्मा ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

क्योरगी स्पर्धा में भी लखनऊ के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालक अंडर-20 किग्रा वर्ग में विनायक राजवंश और बालिका अंडर-30 किग्रा वर्ग में वैष्णवी कुशवाहा ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सीनियर महिला 46 किग्रा वर्ग में प्राची पाल को कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

सभी पदक विजेता खिलाड़ी मास्टर अतुल यादव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मलेशिया, श्रीलंका, सिंगापुर और थाईलैंड सहित कई देशों के लगभग 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**रोजाना की समस्या बना जाम**


हजरतगंज में ट्रैफिक जाम के चलते रुक-रुक कर चलने को मजबूर राहगीर। अमृत विचार

# श्रेय व शुभम ने जीता स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**सांसद खेल महोत्सव**

- **वॉलीबॉल में कालीचरण पीजी व राजकुमार कॉलेज विजेता**

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को ताइक्वांडो और वॉलीबॉल समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो में श्रेय और शुभम ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, जबकि वॉलीबॉल में सीनियर वर्ग में कालीचरण पीजी कॉलेज और जूनियर वर्ग में राजकुमार कॉलेज चैंपियन बने।

रस्साकशी जूनियर बालक वर्ग में सेंट फ्रांसिस मिशन स्कूल, कैंट ने स्वर्ण, सेंट जोसेफ कॉलेज राजाजीपुरम ने रजत और सीएमएस अलीगंज ने कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग में सेंट फ्रांसिस मिशन स्कूल को स्वर्ण, सीएमएस अलीगंज को रजत और मॉडर्न अकादमी को कांस्य मिला। सीनियर बालक वर्ग में श्रीराम मेमोरियल यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण और कालीचरण पीजी कॉलेज ने रजत जीता, जबकि बालिका वर्ग में श्रीराम मेमोरियल यूनिवर्सिटी को स्वर्ण, महाराजा बिजली पीजी कॉलेज को रजत और नवयुग कन्या महाविद्यालय को कांस्य पदक मिला।

ताइक्वांडो के 68 किग्रा जूनियर बालक वर्ग में श्रेय श्रीवास्तव ने स्वर्ण, अथर्व गुप्ता ने रजत तथा बनर्व श्रीवास्तव और आर्यन रस्तोगी ने कांस्य पदक जीता। 63 किग्रा वर्ग में शुभम ने स्वर्ण, अमन गुप्ता ने रजत और नवाज व अजीत ने कांस्य पदक हासिल किया।

वॉलीबॉल सीनियर वर्ग में कालीचरण पीजी कॉलेज ने स्वर्ण, लखनऊ विश्वविद्यालय ने रजत और केकेसी ने कांस्य जीता। जूनियर वर्ग में राजकुमार कॉलेज ने स्वर्ण, जीआईसी निशातगंज ने रजत और सेंट जेवियर्स ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

# इंटीरियो बाय गोदरेज ने खोला एक्सपीरियंस सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इंटीरियो बाय गोदरेज ने शहर में अपना नया एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया है, जिससे उत्तर प्रदेश और पूरे उत्तर भारत में संस्थागत फर्नीचर कारोबार को विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। 3,300 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर कॉर्पोरेट, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी निकायों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख समीर जोशी ने कहा कि उत्तर भारत में इंटीरियो की संस्थागत बिक्री में उत्तर प्रदेश का योगदान लगभग 25 प्रतिशत है। वर्तमान में कंपनी राज्य से 75 करोड़ रुपये की आय अर्जित कर रही है और एसएमई, बीएफएसआई, शिक्षा व कॉर्पोरेट क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। कंपनी ने उत्तर भारत में अपने संस्थागत कारोबार में 15 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है। साथ ही वित्त वर्ष 2028 तक 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है।


सेंटर लॉन्च के मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष समीर जोशी

वरिष्ठ उपाध्यक्ष समीर जोशी के अनुसार, लखनऊ तेजी से उभरता कॉर्पोरेट केंद्र बन रहा है, जहां आधुनिक और एर्गोनॉमिक वर्कस्पेस की मांग बढ़ रही है। कंपनी देशभर में सात सेंटर चला रही है और पांच नए सेंटर खोलने की योजना बना रही है

## इंटीग्रल विवि के प्रो. सिद्दीकी को मिला अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊः** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी का चयन फुलब्राइट नेहरू आईईए अवार्ड-26 के लिए हुआ है। यह सम्मान यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन के सहयोग से दिया जाता है। प्रो. सिद्दीकी का चयन उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और शैक्षणिक प्रशासन में योगदान के लिए हुआ। इस कार्यक्रम के तहत वे अमेरिका जाकर उच्च शिक्षा प्रणाली, शोध सहयोग और वैश्विक सहभागिता के अवसरों का अध्ययन करेंगे। उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन और सहयोगियों को दिया।



# सुपर किंग्स, पायरेट्स, ईगल्स मावरिक्स और ऑरेंज जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को सीएएल सुपर किंग्स, पायरेट्स, ईगल्स, मावरिक्स और ऑरेंज ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर पूरे अंक हासिल किए।

एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर सुपर किंग्स ने यूनिकॉर्न्स को आठ विकेट से हराया। यूनिकॉर्न्स की टीम 115 रन पर सिमट गई। जवाब में सुपर किंग्स ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अविरल सिंह ने 53 रन बनाए, जबकि अब्बास ने चार विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने।

यश साहनी क्रिकेट ग्राउंड पर पायरेट्स ने यलो को 103 रनों से हराया। पायरेट्स ने 210 रन बनाए, जबकि यलो की टीम 107 रन पर ऑल आउट हो गई। कपिल ने शानदार 103 रन बनाए। इसी मैदान पर ईगल्स ने ब्लास्टर्स को 35 रनों से हराया। ईगल्स ने 156 रन बनाए और ब्लास्टर्स 121 रन पर सिमट गई। अनमोल ने 62 रन की पारी खेली।

ब्लेज विलो मैदान पर मावरिक्स ने फाइटर्स को 31 रनों से हराया। मावरिक्स ने 117 रन बनाए, जबकि फाइटर्स सात विकेट पर 86 रन ही बना सकी। वहीं ऑरेंज ने वॉल्ट्स को चार विकेट से हराया। वॉल्ट्स के 166 रन के जवाब में ऑरेंज ने लक्ष्य हासिल कर लिया। आर्यन यादव ने 89 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

**आस्था**

**गुरुद्वारा नाका हिंडोला में श्रद्धा से मनी बैसाखी**

# खालसा मेरो रूप है खास, खालसे में हौं करो निवास...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मंगलवार को खालसा पंथ का साजना दिवस बैसाखी पर्व श्रद्धा एवं पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरूद्वारे का दीवान हाल बहुत ही खूबसूरती से सजाया गया था, दीवान हाल के बीचो-बीच फूलों और बिजली की झालरों से सुसज्जित सुंदर संगमरमर की पालकी में गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया था।

बैसाखी पर सुबह से ही लखनऊ एवं आसपास के इलाकों से श्रद्धालु गुरुद्वारा नाका हिंडोला पहुंचने लगे तथा पंक्तियों में खड़े होकर गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन के बाद अपना स्थान ग्रहण कर गुरबाणी सुनी। अखंड पाठ की समाप्ति के बाद हजूरी रागी रविंदर सिंह ने अपनी मधुर वाणी में पवित्र आसा दी वार का अमृतमयी शबद कीर्तन गायन कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।

ज्ञानी विनोद सिंह ने बैसाखी पर्व पर कथा व्याख्यान दिया।


शबद कीर्तन गायन करते सिख समुदाय के लोग। अमृत विचार

दरबार साहिब अमृतसर से विशेष रूप से आये हजूरी रागी गुरप्रीत सिंह एवं गुरविंदर सिंह ने खालसा मेरो रूप है खास, खालसे में हौं करो निवास... शबद कीर्तन गायन कर साथ संगत को निहाल किया।

माता गुजरी सत्संग सभा एवं गुरमत संगीत अकादमी गुरुद्वारा नाका हिंडोला लखनऊ के बच्चों ने भी संगतों को नाम सिमरन, शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को भाव विभोर किया।

अरदास के बाद मौजूद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरदार मनमीत सिंह एवं सरबजीत सिंह ने किया।

गुरुद्वारा के अध्यक्ष डॉ. सरदार अमरजोत सिंह ने सभी नगर वासियों को बैसाखी पर्व पर हार्दिक बधाई दी। दोपहर 12:30 बजे से गुरु का लंगर समस्त संगतो में वितरित किया गया। लंगर पकाने की सेवा सरदार रनजीत सिंह एवं उनके साथियों द्वारा की गई। लंगर वितरण की सेवा सिख यंग मैन एसोसिएशन एवं दशमेश सेवा सोसायटी व जन समाज सेवा संस्था के सदस्यों द्वारा की गयी।

## गुरुद्वारा मानसरोवर में मना खालसा साजना दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए कालोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में खालसा साजना दिवस (बैसाखी) बहुत ही श्रद्धा से मनाया गया। खालसा साजना दिवस पर गुरुद्वारा मानसरोवर के अध्यक्ष सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि दीवान की शुरुआत अमृत वेले से नितनेम के पाठ, सुखमनी साहिब के पाठ के साथ हुई। हजूरी रागी हरविंदर सिंह ने आशा दीवार के कीर्तन किये। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह ने संगत को खालसा साजना दिवस के इतिहास के बारे में बताया। महासचिव चरणजीत सिंह, सचिव गगनदीप सिंह बग्गा, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह (पम्मी), परमजीत चन्दर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर बग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इक़बाल सिंह ने संगतों को खालसा साजना दिवस पर बधाई दी।


डॉ. नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ अन्य। अमृत विचार

# गुरुद्वारा में भाजपा नेताओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **खालसा पंथ के सृजन दिवस पर सेवा, समर्पण और मानवता के संदेश पर दिया गया बल**

**अमृत विचार :** खालसा पंथ के सृजन दिवस एवं पावन बैसाखी पर्व के अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, हिंडोला में नगर कीर्तन एवं दीवान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को सम्मानित किया गया।

डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि गुरु साहिब की वाणी, सेवा, समर्पण और मानवता के दिव्य संदेश को आत्मसात करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि भक्तिमय वातावरण एवं संगत की श्रद्धा ने मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

वहीं, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि गुरु साहिब ने खालसा पंथ की स्थापना कर मानवता को निडरता, सत्य और सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि खालसा का अर्थ शुद्ध, पवित्र और परमात्मा का स्वरूप है, जो हमें अपने जीवन को ईमानदारी, सेवा और त्याग के सिद्धांतों पर आधारित करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में सतवीर सिंह, आनंद, डॉ. अमरजोत सिंह, मनमीत सिंह बंटी, हरमिंदर सिंह टीटू, दलजीत सिंह काकू एवं देवेनपाल सिंह शालू सहित बड़ी संख्या में संगतजन उपस्थित रहे।